समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद PSL को झटका ? विदेशी खिलाड़ियों ने खेलने से साफ कर दिया मना ; जाने पूंरा मामला ।

Publisher
Published on 08 May 2025




**भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान के 9 आतंकी ठिकानों पर हमला किया. जिसके बाद पाकिस्तान सुपर लीग मे खेल रहे कुछ विदेशी खिलाड़ी सीजन के बीच मे हीं लीग छोड़ कर वापस जाना चाहते है.**

PSL पर पड़ा भारत-पाक तनाव का असर
भारत ने पाकिस्तान के 9 आतंकी ठिकानों को ऑपरेशन सिंदूर के तहत निशाना बनाया. दोनों देशों के बीच बढ़ रहे तनाव से पाकिस्तान सुपर लीग में खेल रहे कुछ विदेशी खिलाड़ियों की टेंशन बढ़ गई है, वो बीच में ही पीएसएल छोड़कर वापस अपने देश लौटना चाहते हैं.

भारतीय सेना की तरफ से हमलों के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने कहा था कि वो पीएसएल को ऐसे ही जारी रखेंगे. मैच में कोई रुकावट नहीं आएगी. हालांकि अब दोनों देशों के बीच युद्ध की भी आशंका जताई जा रही है.

इस दौरान पीएसएल में शामिल कुछ इंग्लैंड के खिलाड़ी बीच सीजन में ही टूर्नामेंट छोड़ना चाहते हैं. पीएसएल में इंग्लैंड के सात खिलाड़ी खेल रहे हैं. जिसमें जेम्स विंस, टॉम करन, डेविड विली, क्रिस जॉर्डन, टॉम कोहलर कैडमोर, सैम बिलिंग्स और ल्यूक वुड का नाम शामिल है.

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक विली और जॉर्डन ने अपनी फ्रैंचाइजी मुल्तान सुल्तांस को सूचित किया है कि वे घर लौटना चाहते हैं, क्योंकि उनकी टीम पहले ही प्लेऑफ से बाहर हो चुकी है और उनका एक ही मैच बचा है.

रिपोर्ट्स के मुताबिक इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड अपने खिलाड़ियों के संपर्स बनाए हुए है. बोर्ड ने अभी खिलाड़ियों को पाकिस्तान छोड़ने के लिए नहीं कहा है, लेकिन यूके सरकार से यात्रा सलाह के बाद ये बदला जा सकता है.

बता दें कि 7 मई को भारत ने पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर के 9 आतंकी ठिकानों को हमला कर दर्जनों आतंकवादियों को मार दिया. भारत ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए हमले का बदला लिया है. जिसमें 26 मासूम लोगों ने अपनी जान गंवाई थी.

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.